## दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**सरदारशहर।** विप्र फाउंडेशन द्वारा आज गांधी विद्या मंदिर के राम मंच में भारी उपस्थिति के बीच प्रतिभा सम्मान वह दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित होगा । तहसील अध्यक्ष महेंद्र वैध ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 9:00 बजे गांधी विद्या मंदिर के राम मंच में प्रतिभा सम्मान एवं दीपावली स्नेह मिलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के संयोजक सुशील ओझा समाज को संबोधित करेंगे।फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित व विप्र फाऊंडेशन युवा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष सुनील मिश्र ने प्रेरणादाई व सामाजिक समरसता कार्यक्रम में अधिकाधिक विप्र बंधुओं को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आव्हान किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रदेश सचिव श्यामलाल जोशी, महामंत्री भरत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र देरासरी, तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़, देहात अध्यक्ष मांगीलाल सेवदा, नगर अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपुरोहित, शुभकरण पारीक, प्रभा पारीक, आशीष मिश्रा, राकेश पारीक, शिवचरण रिणवा, बुलाकी शर्मा, मदन, पवन आदि उपस्थित रहकर कार्यक्रम का अंतिम रूप दिया।

# युवाओं से शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आव्हान किया

### गोठड़ा में शहीद हुए धर्मपाल सैनी का शहादत दिवस मनाया

**खेतड़ी,** ( निसं ) खेतड़ी उपखंड के गोठड़ा में शनिवार को साउथ अफ्रीका के कांगो में शहीद हुए धर्मपाल सैनीका 12 वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिराम गुर्जर थे, जबकि अध्यक्षता जुगल किशोर सैनी ने की।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीदधर्मपाल सैनीकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिराम गुर्जर ने कहा की शहीदहमारे देश के लिए गौरव की बात होती है। यह हमारे झुंझुनूं जिले की एक परंपरा रही है, कि यहां का हर वीर योद्धा सेना में जाकर देश सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर देश के लिए बलिदान



अतिथियों ने शहीद धर्मपाल सैनी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

हो जाता है। उन्होंने कहा कि देश के नाम प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद कभी मरते नहीं है। उनकी शहादत के किस्से देश के चप्पे-चप्पे पर अमर गाथा कहते हैं। देश की सीमा पर हम सब की रक्षा करते हैं। सरहद पर हमारे जवान जान की परवाह किए बिना हर समय तैनात रहते हैं तभी हम घर में सुरक्षित रहते हैं। शहीद धर्मपाल सैनीका जन्म 5 मई 1979 को गोठड़ा पंचायत की ढ़ाणी जैसा वाली में हुआ था। 6 जून 2000 को भारतीय सेना की फर्स्ट गार्ड में भर्ती हुए थे।शहीदनायक धर्मपाल सैनीने सेना में रहते हुए कई ऑपरेशन में भाग लिया, जहां उन्होने अपने शौर्य

■ कांगों में शांति सेना के दौरान शहीद हुए थे धर्मपाल सैनी

और पराक्रम का परिचय दिया। जिस पर भारतीय सेना की ओर से साउथ अफ्रीका के कांगो में भेजी गई शांति सेना में उन्हें शामिल किया गया। जब वह शांति सेना में कांगो में तैनात थे तो 15 अक्टूबर 2012 को देश के लिए वीरगति को प्राप्त हो गए थे।शहीद धर्मपाल सैनी की बड़ी बेटी किरण राजकीय स्कूल में लैब सहायक के पद पर कार्यरत है, जबकि छोटी बेटी नीतू एसएमएस अस्पताल जयपुर में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। इस दौरान युवाओं से शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आव्हान किया गया।

## सार-समाचार

### छात्राओं को आत्मरक्षा के बारे में बताया



**झुंझुन।** सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह ने छात्राओं को आत्मरक्षा के बारे में कुछ बातें बताई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में आत्मरक्षा के बेसिक नॉलेज के बारे में बताया गया था। जिसमें महिला पुलिस बलकेश, सरोज, मुनेश व सरिता ने आत्मरक्षा के बेसिक नॉलेज के बारे में बताया। द्वितीय दिवस में बलकेश व सरोज ने महिला पुलिस के द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कई तरह के पंच सिखाए गए व आत्मविश्वास लिए हुए अपना बचाव कैसे करना है, सिखाया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनिता जैफ, कल्पना, सुनिता, डॉ. अभिलाषा आबूसरिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य मौजूद थे।

### विधायक ने कमरे का उद्घाटन किया

**पाटन।** ग्राम पंचायत रामसिंहपुरा में स्वर्गीय बनवारी लाल यादव की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र घनश्याम, अजय कुमार, राहुल, कपिल, अंकित एवं उनकी माताजी श्रीमती श्रवण देवी के द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय में एक कमरा मय बरामदा एवं छ हजार लीटर पानी की टंकी जिनकी कुल लागत पांच लाख से निर्मित करवाया गया जिसका उद्घाटन विधायक सुरेश मोदी के करकमलों द्वारा किया गया।इस दौरान पंचायत हैड क्वार्टर रामसिंहपुरा में आंखों की जांच का कैंप एवं ऑपरेशन कैंप भी लगाया गया जिसमें 400 मरीज लाभान्वित हुए। भामाशाह परिवार द्वारा विधायक मोदी एवं सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनकर सम्मान किया गया। विधायक मोदी ने राजकीय माध्यमिक विधालय में विधायक कोष से इन्टरलॉक डलवाने की घोषणा की। विधायक मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्व बताते हुए सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागृत करने का आग्रह किया एवं भामाशाह परिवार को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर पूर्व प्रधान कांता प्रसाद शर्मा, दिनेश यादव, मोठूका सरपंच लीलाराम योगी, रामपुरा सरपंच सतपाल यादव, रामसिंहपुरा सरपंच राम सिंह जागीदार, सरपंच सुनील महरडा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कैलाश यादव, रामवतार यादव सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आज

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी। यहां पुराने बस स्टैंड स्थित श्री विजय रघुनाथ जी के मंदिर ( बिदावत जी के मंदिर) में सात दिवसीय गीता प्रशिक्षण शिविर कल से 19 अक्टूबर को शाम 5.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक महंत दिलीपदास महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा जो 25 अक्टूबर तक जारी रहेगा यह जानकारी देते हुए आयोजक फतेहपुर के ब्रह्मचारी विकास चेतन्य ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के बाद गीता ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3100 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 2100 रूपए व तृतीय पुरस्कार 1100 रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी संभागियों को पुस्तक, सर्टिफिकेट व उपहार दिए जाएंगे।

### शिक्षिका के जन्म दिवस पर मिठाई बांटी

**चूरू,** (कासं.)। पर्यावरण प्रेमी शिक्षक अमर सिंह किशनावत ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती मनीषा चारण के जन्म दिवस पर श्री जगन्नाथ कंदोई बालिका तारानगर द्वारा संचालित माता शबरी सरस्वती संस्कार केन्द्र पर अध्ययनरत 45 छात्र छात्राओं को मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रेरक की भूमिका पूनम चौहान ने निभाई। उन्होंने बताया कि शिक्षिका मनीषा चारण के जन्म दिवस पर संस्कार केन्द्र पर अध्ययनरत छात्र छात्राओं को लड्डू व भुजिया खिलाये गये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दया कंवर, विजय सिंह, संतोष व प्रियंका आदि उपस्थित थे।

### वंदना महला बनी लेफ्टिनेंट कर्नल

मंडावा। चंद्रपुरा (नूआं) गांव की बहु व मालुपुरा की बेटी वंदना को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल पदोन्नित हुई है। वंदना के पति लेफ्टिनेंट कर्नल रवींद्र सिंह महला, लद्दाख में बीसीसी यूनिट को कमांड कर रहे हैं तथा ससुर कप्तान शुभकरण सिंह महला, पिता मेजर प्रताप सिंह बालायन भी भारतीय सेनाओं में अपनी सेवा दे चुके हैं। अभी लेफ्टिनेंट कर्नल वंदना जम्मू कश्मीर में सीएफएल यूनिट को कमांड कर रही हैं। पदोन्नित पर परिवार जनों तथा ग्रामवासियों में खुशी की लहर है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

### शिक्षक संघ सियाराम ने दिया ज्ञापन

**झुंझुनूं।** शनिवार को राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ने कंप्यूटर अनुदेशकों की प्रमुख मांगों के संबंध में शिक्षा मंत्री को जिला कलेक्टर झुंझुनूं के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कंप्यूटर अनुदेशकों की प्रमुख मांगों में कैडर का विस्तार एवं वेतन विसंगति प्रमुख थीं। ज्ञापन देते समय प्रदेश कार्यकारिणी से राजकुमार मूंड, प्रदेश संगठन महामंत्री उम्मेद डूडी, जिलाध्यक्ष अशोक कुलहरि, रमेश पूनियां, रजनीश कालेर, सुनिल कुमार आदि सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला कारागृह, सीकर का निरीक्षण किया

**सीकर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार शनिवार को राजेन्द्र कुमार शर्मा अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर एवं सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) शालिनी गोयल द्वारा जिला कारागृह, सीकर का निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष द्वारा नालसा एवं रालसा द्वारा कारागृह के संबंध में दिये गये निर्देशों के अनुसार विभिन्न मापदंडो के संबंध में निरीक्षण किया गया।अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा कारागृह में निरूद्ध बंदियों को विधिक जानकारी प्रदान की गयी एवं जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों को मिलने वाले भोजन, चिकित्सा, साफ सफाई आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गयी।

■ अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर एवं सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) शालिनी गोयल ने किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कारागृह के रसोई घर का जायजा लिया गया तथा भोजन की गुणवत्ता के संबंध में बंदियों से पूछा गया तथा साथ ही कारागृह में निरूद्ध बंदीगण को माननीय नालसा की राष्ट्रीय विधिक सहायता हैल्पलाईन नं 15100 एवं ऑनलाईन नालैसा पोर्टल, निःशुल्क विधिक सहायता, धारा 436ए के तहत जमानत का लाभ प्राप्त करने के संबंध में विधिक जानकारी प्रदान की गयी। निरीक्षण के समय कारागृह अधीक्षक रामकिशन, कारागृह स्टॉफ उपस्थित रहे।

## हरियाणा में एस.सी. उप वर्गीकरण लागू करने पर चूरू में आतिशबाजी कर मनाई खुशी

**चूरू।** वंचित एससी-एसटी समाज संघर्ष समिति जिला चूरू के तत्वाधान में हरियाणा में सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में हरियाणा में एससी में उप वर्गीकरण लागू करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया और आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इस मौके पर वंचित एससी-एसटी समाज संघर्ष समिति के संरक्षक सीताराम लुगरिया ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने 7 जजों की संवैधानिक पीठ गठित की थी, जिसका बहुमत से निर्णय आया कि राज्य सरकार आरक्षण में वर्गीकरण कोटे में कोटा कर सकती है। इस पर तत्काल हरियाणा सरकार ने वादा किया था कि हरियाणा में पुनः सरकार बनते ही कैबिनेट की पहली बैठक में एससी में उप वर्गीकरण कोटा को लागू किया जायेगा। अब उप वर्गीकरण को हरियाणा में लागू कर दिया



चूरू में वंचित एससी-एसटी समाज संघर्ष समिति के सदस्यों ने आतिशबाजी की।

गया है, इसका सभी वंचित समाज के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया।

इस दौरान राजस्थान सरकार से मांग की गई कि इस डबल इंजन की सरकार को एससी में उप वर्गीकरण कोटे में कोटा तुरन्त प्रभाव से लागु करना चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में भी वंचित वर्ग लिए साफ कहा था कि जिसका कोई नहीं हैए उसका मोदी है। लुगरिया ने कहा कि एससी में उप वर्गीकरण कोटे में कोटा राजस्थान में लागु किया जाये अन्यथा एक बड़ा आन्दोलन किया जायेगा। इस अवसर पर नायक महासभा के जिलाध्यक्ष रामेश्वर नायक, सांसी समाज के जिलाध्यक्ष चैनाराम सांसी, चन्द्रभान नायक, विजय चौहान, विजय ढेनवाल, महेन्द्र बावलिया, पवन बागड़ी, सुनिल खटीक, इंद्रचन्द खटीक, शिवा खटीक, गोरूराम जाखड़, शिशपाल गिंवारिया, मांगीलाल गिंवारिया, रामनिवास गिंवारिया, प्रभु सांसी, ओमप्रकाश गिवारिया, विमल बाल्मिकी, संदीप चांवरिया, हेंमत वाल्मिकी, मुकेश कुंचिया, रोशन निनाणिया, रविन्द्र इन्दौरा, संपत बाल्मिकी, प्रकाश नायक, बहादुर नायक, विनोद नायक, प्रभुराम बागड़ी, नन्दलाल इन्दौरा, संदीप लुगरिया, रमेश सांसी, पूर्ण होटला, एडवोकेट सुनिल खटीक, भंवरलाल नायक, नायक समाज अध्यक्ष रतनलाल नायक, सुभाष नायक, हीरनाथ सपेरा, रितेष चौहान, जिलाध्यक्ष धाणक समाज महेन्द्र धाणक, देवाराम कुंचिया, बुधराम भोपा, प्रदेश उपाध्यक्ष धाणक समाज पवन बागड़ी, गुरूवचन धाणका सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## गांवों में सोलर ऊर्जा को अपनाएं ग्रामीण : सुराणा

**राजलदेसर,** (निसं.)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को राजलदेसर के निकटवर्ती लाछड़सर ग्राम पंचायत के राउमावि में रात्रि चौपाल कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके तत्काल एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के विशिष्ट विकास कार्यों के लिए सरपंच धापू देवी सहू और ग्रामीणों की सराहना की। इस मौके पर जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि गांवों में सोलर उर्जा को अपनाएं। गांव को मॉडल गांव बनाकर सम्पूर्ण जिले में एक उदाहरण प्रस्तुत करें तथा अन्य को भी प्रेरित करें। हमारे क्षेत्र में सौर ऊर्जा की बहुत संभावनाएं हैं। इससे संसाधनों के सुदृढ़ीकरण के साथ किसानों व ग्रामीणों की आर्थिक सुरक्षा भी है। सौर ऊर्जा के लिए प्रधानंत्री कुसुम योजनान्र्तत सहायता भी देय है। इसलिए हमें समय की आवश्यकताओं को देखते हुए ऊर्जा क्षेत्र के विकल्पों पर विचार करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि फसल के लिए डीएपी के वैकल्पिक तौर पर एसएसपी को अपनाएं। एसएसपी आर्थिक तौर व उर्वरक क्षमता के अनुसार अधिक उपयोगी है। डीएपी का भी प्रदेश स्तर से प्राप्त आपूर्ति के अनुसार वितरण किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी फरियाद सुनीं और अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी माध्यम से शिकायत मिलने पर व्यक्तिगत रूचि लेकर समस्याओं का निस्तारण करें।इस दौरान बिजली ट्रिपिंग की समस्या के लिए कैपिसिटी बढ़ाने हेतु नए ट्रांसफॉर्मर लगवानेए बिजली के ढ़ीले तारों को दुरुस्त करवानेए शाम के समय बिजली कटौती होने के कारण कटौती का स्लेब चेंज करवाने व बिजली कनेक्शन में अधिक राशि लेकर कम काम करने के परिवाद पर जिला कलक्टर ने डिस्कॉम के अधिकारियों से कहा कि सभी प्रकरणों में व्यक्तिगत मॉनीटरिंग करते हुए रिपोर्ट दें। बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरूस्त करें तथा ग्रामीणों को समुचित लाभ सुनिश्चित करें। कुछ मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति नहीं पहुंच पाने की समस्या पर उन्होंने पीएचईडी के अधिकारियों से कहा कि पेयजल के लिए समुचित प्रबंध किया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ 2023 फसल का मुआवजा लंबित होने की शिकायत पर उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को भुगतान में आ रही समस्याओं को देखकर जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान बिजली, राजस्व, पेयजल, कृषि सहित कुल 16 परिवाद प्राप्त हुए जिस पर जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि बताई गई समस्याओं का लगातार फॉलोअप का निस्तारण किया जाएगा। एडीएम मंगलाराम पूनिया ने कहा कि लाछड़सर गांव विकासशील सोच वाले जागरुक लोगों के गांव के तौर पर चर्चित है।

## खेलों में केशवानन्द का दबदबा कायम

**सीकर।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर ने चौथे चरण के खेलों में अपना दबदबा कायम किया हुआ है।

जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि गुगांरा मे चल रही 68वीं जिला स्तरीय ऐथेलेटिक्स प्रतियोगिता में ट्रीपल जम्म में आदित्य गठाला ने गोल्ड मैडल, हाई जम्प में प्रमोद ने सिल्वर मैडल, डिस्कस थ्रो में रामाकिशन ने सिल्वर मैडल, 3000 मी. रेस में विकास ने ब्रोंज मैडल जीता, 800 मी. रेस में विनोद चौधरी ने गोल्ड मैडल व पुल्कित ने ब्रोंज मैडल जीता वहीं बालिका 14 वर्ष में 200मी रेस में खुशी ने सिल्वर मैडल जीतकर केशवानन्द का दबदबा कायम किया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह, प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह मलिक सहित प्रबंधन सदस्यों ने विजेता छात्रों को बधाई प्रेषित की।

## सात दिवसीय योग शिविर सम्पन्न

**झुंझुनूं।** अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं द्वारा अग्रसेन भवन झुंझुनूं में 13 अक्टूबर से आयोजित सात दिवसीय योग, विज्ञान एवं ध्यान शिविर का समापन करो योग रहो निरोग के जय घोष के साथ हुआ।

समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला ने बताया कि पतंजलि योग समिति के योग शिक्षक एवं राज्य प्रभारी पवन कुमार ने उपस्थित साधकों को रोगानुसार योगाभ्यास करवाया। उन्होंने कहा की लंदन प्रवासी डॉ. नटवरलाल टीबड़ा सुपुत्र श्रीरामगोपाल टीबड़ा के आर्थिक सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय निशुल्क योग शिविर में शहर के आम लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि शिविर के अंतिम दिन युवा योग शिक्षक आकाश नेहरा ने लगातार 1100 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास का प्रदर्शन किया। समिति की ओर से पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार एवं आकाश नेहरा को प्रतीक चिह्न भेंटकर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राजकुमार

■ योग शिक्षक आकाश नेहरा ने लगातार 1100 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास का प्रदर्शन किया

तुलस्यान एवं सिमोश बुगालिया को पतंजलि जैकेट भी भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस योग शिविर में समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, सचिव शिवचरण हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान डॉ. राजेश सिहाग, रामगोपाल टीबड़ा, अमरसिंह बुगालिया, जितेंद्र टीबड़ा, मदनलाल कुमावत, आकाश नेहरा, बनवारीसिंह राठौड़, विनोद पुजारी, उम्मेद पूनियां, संजय चनानिया, सुभाष सोनी, पवन कुमार सिंघल, राजकुमार तुलस्यान, सरोज देवी, संतरा कुमावत आदि उपस्थित थे अंत में रामगोपाल टीबड़ा ने सभी का आभार प्रकट किया एवं भविष्य में भी इसी प्रकार से योग शिविर लगाने का संकल्प लिया।

# सालासर रहा पूर्णतया बंद, दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की है मांग

**सुजानगढ़।** सालासर थाने में पुलिस कर्मियों द्वारा गुड़ावडी गांव निवासी रमेश राव के साथ मारपीट करने की घटना के विरोध में शनिवार को सालासर बालाजी कस्बा पूर्णतया बंद रहा। सालासर थाने में एकत्रित हुए सैंकड़ों लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने पर सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने पहुंचकर घटना की निंदा जताई। मेघवाल ने कहा की वे पूरे घटना क्रम को लेकर पुलिस के उचाधिकारियो से बात कर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करवाएंगे। विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा की भाजपा राज में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए है। पुलिस कर्मियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसा बर्ताव कतई मंजूर नही होगा। गोदारा ने कहा की विधानसभा में पूरे मामले को उठाया जाएगा, और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी। धरने के बाद विरोध जुलूस थाने से रवाना हुआ जो सीकर चौराहे, बस स्टेंड से होते हुए सालासर मंदिर व मुख्य मार्गो की तरफ पहुंचा। आक्रोशित लोगों ने पूरे रास्ते में




सालासर में पुलिस कर्मियों के खिलाफ रैली निकालते लोग।

पुलिस के खिलाफ जमकर नारे लगाए। इसके बाद लगातार दूसरे दिन थाने के सामने धरना जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए सुरजाराम ढाका ने कहा की निर्दोष व्यक्ति व बीडीसी मेंबर प्रतिनिधि रमेश राव के साथ पुलिस कर्मियों ने जबरन थाने में बंद कर मारपीट की। जिस घटना की पुलिस एफआईआर भी दर्ज नहीं कर रही है। इसके अलावा धरने में मोजूद लोगों ने कहा की अभी भी पुलिसकर्मी दोषी पुलिस कर्मियों का पक्ष ले रही है। इस पूरे मामले में पीड़ित रमेश राव ने घटना का जिक्र मौजूद लोगों को देते हुए कहा की उनके साथ पुलिस ने अन्याय किया है। आने वाले दिनों में पुलिस निर्दोष लोगों को बेवजह पिटेगी। धरने में रामनारायण रुलानिया ने पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न खड़े करते हुए तीन सालों से थाने में जमे पुलिस कर्मियों को तबादला करने की मांग की। कॉमरेड दीनदयाल गुलेरिया ने कहा पुलिस कर्मियों की मनमर्जी नही चलने दी जाएगी। गुलेरिया ने कहा की अगर पुलिस

■ कांग्रेस नेता रमेश राव के साथ मारपीट का मामला

कार्रवाई नहीं करेगी तो धरने में सीकर सांसद अमराराम को बुलाया जाएगा। सौरभ ढाका ने कहा की रमेश राव को न्याय दिलाने के लिए आर - पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। धरने को सालासर मंदिर के नितिन पुजारी ने समर्थन देते हुए पूरे घटना क्रम की निंदा की। पुजारी ने कहा की न्याय की इस लड़ाई में वे आगे रहेंगे। इस धरने में महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रही। इस मौके पर पूर्व सरपंच महेंद्र डूकिया, विजयपाल चाहर, महेंद्र गोदारा, अमृता चौधरी, शोभासर सरपंच प्रतिनिधि इमरान खान, दिनेश ढाका, तेजपाल गोदारा, टिकुराम ढाका सहित बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाएं व विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग मोजूद रहे।

**जाप्ता रहा तैनात :** पूरे प्रदर्शन को देखते हुए डिप्टी दरजाराम के नेतृत्व में सर्किल के पुलिस थानों का जाप्ता तैनात रहा। पूरे प्रदर्शन की पुलिस ने वीडियो रिकॉर्डिंग करवाई।

## ज्ञापन सौंपा

**झुंझुनूं।** भारत की जनवादी नौजवान सभा नगर कमेटी झुंझुनूं ने नगर अध्यक्ष सिकंदर पहाड़ियान के नेतृत्व में झुंझुनूं शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर शहीद स्मारक झुंझुनूं से नगर परिषद झुंझुनूं तक रैली निकाली और नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन दिया।

नगर महासचिव सोहेल बहलिवान ने बताया कि झुंझुनूं शहर के अंदर वाहनों से ज्यादा आवारा सांडों की संख्या है। यह आवारा सांड शहर के मुख्य रास्तों, सड़कों के बीचों बीच खड़े होते हैं या फिर बैठे रहते हैं तथा राह चलते राहगीरों व वाहनों के ऊपर हमला बोल देते हैं। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं। इन आवारा सांडों के हमले से पूर्व में भी एक टैक्सी चालक को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इन आवारा सांडों को पकड़ कर शहर से बाहर जंगल में छोड़ा जाए। जिसके कारण आए दिन होने वाली वाहन दुर्घटनाओं से बचा जा सके। तहसील उपाध्यक्ष तौफीक खोखर ने बताया कि आवारा सांडों के अलावा शहर के अंदर आवारा कुत्तों की भी संख्या बहुत ही तीव्र गति से बढ़ रही है। आवारा कुत्ते शाम के समय और रात के समय पैदल चलते लोगों के ऊपर हमला बोल देते हैं तथा उनको काट लेते हैं। नौजवान सभा मांग करती है कि नगर परिषद जल्द से जल्द टेंडर निकालकर इन कुत्तों का बधियाकरण कर आमजन को राहत प्रदान करें। नौजवान सभा जिला कमेटी सदस्य योगेश कटारिया ने बताया कि वर्तमान में डेंगू जैसी महामारी तेजी से फैल रही है।

## महिला को 11 केवी लाइन से करंट लगा

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के सीमावर्ती गांव शिमला में शनिवार दोपहर को खेत से घास लेकर लौट रही महिला को 11 केवी बिजली की लाइन के छूने से करंट लग गया। इस दौरान हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना पर आक्रोशित ग्रामीणों ने पावर हाउस पर शव को रखकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मृतका के परिजनों को आर्थिक सहायता देने व लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। घटना की सूचना पर मेहाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई।

ग्रामीण मंजीत लाठर ने बताया कि गांव शिमला निवासी शर्मिला (40) पत्नी सतीश कुमार अपने खेत में गई थी। जब वह पशुओं के लिए खेत से घास लेकर वापस अपने घर लौट रही थी तो रास्ते में लटक रही 11 केवी बिजली की लाइन से छू जाने से उसके करंट लग गया। इस दौरान आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे तथा महिला को सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा महिला के शव को गांव से बने बिजली विभाग के पावर हाउस पर ले गए। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही

■ महिला की मौके पर हुई मौत

■ आक्रोशित ग्रामीणों ने पावर हाउस पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया

■ गांव शिमला में खेत से घास लेकर लौट रही महिला को करंट लग गया था

से हुए हादसे का आरोप लगाते हुए पावर हाउस पर तालाबंदी कर दी। इस दौरान ग्रामीणों ने शव को पावर हाउस के गेट पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली के लटकते तारों को ठीक करने के लिए ग्रामीणों की और से कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना की सूचना देने के बाद भी विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे , जिससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। मृतका का पति सतीश कुमार हलवाई का काम कर अपने परिवार का पालन करता है। मृतक के एक बेटा अनिल व बेटी ममता है जो पढ़ाई करते हैं।